# Wht Now द्वारा आयोजित साइबर कॉन्क्लेव में 700 से अधिक छात्रों की भागीदारी

मुंबई, Wht Now द्वारा आज प्रतिष्ठित वाई.बी. चव्हाण ऑडिटोरियम में एक प्रभावशाली साइबर कॉन्क्लेव का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व हँ३ ठङ्क६ की संस्थापक नीति गोयल और सह-संस्थापक अक्षत खेतान ने किया। कॉन्क्लेव में वरिष्ठ नीति-निमार्ताओं, कानून प्रवर्तन अधिकारियों, विधि विशेषज्ञों और युवाओं ने भाग लेकर साइबर जागरूकता, डिजिटल सुरक्षा एवं उभरते साइबर खतरों पर विचार-विमर्श किया। इस साइबर कॉन्क्लेव में 22 कॉलेजों की भागीदारी रही और 700 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की, जो भारत के युवाओं के बीच साइबर शिक्षा और जिम्मेदार डिजिटल नागरिकता के बढ़ते महत्व को दशार्ता है। कार्यक्रम में राहुल नार्वेकर, अध्यक्ष, महाराष्ट्र विधान सभा, ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति




दर्ज कराई। उन्होंने डिजिटल युग में लोकतांत्रिक संस्थाओं की सुरक्षा और नागरिकों को सशक्त बनाने हेतु साइबर साक्षरता की आवश्यकता पर बल दिया। इसके अतिरिक्त गौरव गौतम, मंत्री युवा एवं रोजगार, हरियाणा सरकार, भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि साइबर सुरक्षा कौशल किस प्रकार युवाओं के रोजगार, उद्यमिता और राष्ट्रीय विकास के लिए अत्यंत आवश्यक होता जा रहा है। मंत्री के संबोधन के पश्चात यशस्वी यादव, एडीजीपी, महाराष्ट्र, ने एक अत्यंत प्रभावशाली और विचारोत्तेजक व्याख्यान दिया, जो कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा। उन्होंने साइबर अपराध, डिजिटल धोखाधड़ी और ऑनलाइन खतरों की बदलती प्रकृति पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए नागरिकों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच सहयोग, सतर्कता और जागरूकता की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रसिद्ध राजनीतिक नेता एवं विधि विशेषज्ञ शाइना एनसी ने कानून, प्रौद्योगिकी और साइबर अपराध के अंतसंर्बंध पर प्रकाश डालते हुए छात्रों के बीच मजबूत कानूनी साक्षरता और जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण आकर्षण भारत पोस्ट द्वारा साइबर सुरक्षा पर विशेष डाक-स्टाम्प निरस्तीकरण (स्पेशल स्टाम्प कैंसलेशन) का शुभारंभ रहा, जो सुरक्षित और जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार के लिए राष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता और सामूहिक उत्तरदायित्व का प्रतीक है।